**Regarding issues of SC/ST category in Petroleum and Natural Gas**

श्री अनिल फिरोजिया **(उज्जैन) :** सभापति महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

माननीय सभापति जी, पहले पेट्रोलियम मंत्रालय में एससी और एसटी वर्ग के लोगों को जो पेट्रोल पंप्स आवंटित होते थे, कंपनी उसमें जमीन को भी लीज पर देती थी।

उस एससी, एसटी वर्ग के कैंडीडेट को पूरा सेट-अप लगाकर कंपनी देती थी और चालू करके देती थी। लेकिन विगत वर्षों से देखने में आ रहा है कि कंपनी उस वर्ग के व्यक्ति से कहती है कि आप ही जमीन लेकर आयें। आज जमीनों के भाव आसमान छू गए हैं।

माननीय सभापति महोदया, एससी, एसटी वर्ग का जो कैंडीडेट है, वह उसे एफोर्ड नहीं कर सकता है, लीज पर नहीं ले सकता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि पुन: उस व्यवस्था को चालू करें। माननीय प्रधान मंत्री जी का उद्देश्य है कि एससी, एसटी वर्ग के लोगों का उत्थान करना है, इसलिए उनका उत्थान हो सके। धन्यवाद।